उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## "उ0प्र0 सरकार" की मंशानुसार पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों में कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर "मिशन शक्ति" के विशेष अभियान फेज-05 के तहत किया जा रहा कार्यक्रमों का आयोजन ।

उ०प्र० शासन की मंशानुरुप मिशन शक्ति अभियान (फेज -05) के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में आज दिनांक 08.10.2024 को जनपद महोबा के समस्त थानों की पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के गाँवों/स्कूलों/कालेजों में चौपाल का आयोजन कर प्राथमिकता के आधार पर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही महिला संबंधित समस्याओं के निस्तारण कराने के संबंध में चौपाल के आयोजन करने की शुरुआत की गई है। अब महिलाओं/बालिकाओं को अपनी समस्या व शिकायत लेकर थाना पुलिस चौकी व अन्य पुलिस कार्यालय बार-बार नही आना पड़ेगा अपितु "शक्ति दीदी" नियमित रुप से ग्राम/स्कूल चौपाल के माध्यम से विभिन्न गांवों/स्कूलों/कालेजों में उपस्थित होकर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक करने के साथ ही उनकी शिकायतों का शीघ्र निस्तारण किया गया है।



उल्लेखनीय है कि जनपद महोबा के समस्त थानो पर नियुक्त महिला पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रअन्तर्गत स्कूल-कॉलेज, मंदिर, पार्क, मॉल, आटो/बस स्टैंड व दुर्गा पुजा पंडाल सहित ग्रामीण कस्बों में जाकर महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी कर समस्याओं का शीघ्र निस्तारण किया गया है। सभी को मिशन शक्ति (नारी सुरक्षा, नारी सम्मान व नारी स्वावलंबन) फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई है और शासन/पुलिस द्वारा जारी हेल्प लाइन नम्बर-112,108,181,1076,1090, 1098 की जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही शासन द्वारा उनके सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाएं जैसे- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, फ्री सिलाई मशीन योजना, सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, की विस्तृत जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव के बारे में बताया गया और यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर अपराध की घटना घटित होती है तो तत्काल साइबर हेल्प लाइन नम्बर 1930 पर अपनी शिकायत दर्ज कराये सूचना दर्ज होने के उपरान्त शीघ्र त्वरित कार्यवाही की जायेगी।

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक 08.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया है।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं
प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.10.2024
# महोबा पुलिस
मीडिया सेल, महोबा

## जब पुलिस बनी फरिस्ता- खुदकुशी करने जा रही किशोरी की पुलिस टीम ने न केवल जान बचाई बल्कि परिवार के एक सदस्य के रूप में कांउसिलिंग कर उसे सांत्वना भी दी...।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में संचालित डायल 112 पीआरवी वाहनों द्वारा प्राप्त सूचनाओं पर तत्काल आपात सहायता उपलब्ध कराई जाती है व इसी दौरान विभिन्न सराहनीय कार्यों का सम्पादन पूर्ण मनोयोग एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ किया जाता है।


इसी क्रम में आज दिनांक- 08.10.2024 को थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत संचालित पीआरवी वाहन 5820 को प्रातः करीब 06.48 बजे सूचना प्राप्त हुई कि हमीरपुर चुंगी मकनिया पुरा के पास एक किशोरी अन्दर से दरवाजा बन्द करके आत्महत्या करने जा रही है । इस सूचना पर पीआरवी 5820 की टीम तत्काल 03 मिनट में ही पहुंच गयी, घटनास्थल पर देखा तो एक लड़की अपने घर के अंदर से दरवाजा बन्द किये हुए थी और दरवाजे की साइड से देखने पर पता चला कि वह छत मे लगे पंखे में डुपट्टे के माध्यम से फांसी का फंदा बनाकर फांसी लगाने की कोशिश कर रही है। पीआरवी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये दरवाजे पर तेजी से धक्का दिया गया जिससे कुंडी टूट गयी और दौड लगाकर किशोरी को फांसी के फंदे से छुटाते हुए बचाया गया।

लड़की से जब आत्महत्या का कारण पीआरवी कर्मियों द्वारा पूछा गया तो उसने बताया कि मेरे घर वाले मेरी इच्छा के विरुद्ध शादी करना चाह रहे हैं, मैं अभी शादी करने की इच्छुक नहीं हूं। इस पर पीआरवी कर्मियों द्वारा एक पारिवारिक सदस्य के रुप में किशोरी के परिजनों को समझाया गया तथा किशोरी की भी काउंसिलिंग कर उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया।

स्थानीय लोगों ने जनपदीय पुलिस पीआरवी कर्मियों व यूपी 112 परियोजना की इस त्वरित कार्यवाही की जमकर प्रशंसा की है।

**पीआरवी स्टाफ- पीआरवी 5820**

1. कमाण्डर – हे0का0 अजय सिंह
2. पायलट- हो0गा0 सत्यवीर सिंह



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर चलाए जा रहे विशेष अभियान "मिशन शक्ति" फेज-5 के तहत क्षेत्राधिकारी चरखारी के नेतृत्व में महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरुक-

उ0प्र0 पुलिस एवं प्रशासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर चलाए जा रहे के विशेष अभियान "मिशन शक्ति" फेज-**5** के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है । उक्त अभियान के क्रम दिनांकः- 07.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ द्वारा थाना चरखारी पुलिस टीम एवं महिला चौकी चरखारी की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के मोहल्ला छोटा रमना कस्बा चरखारी अवस्थित दुर्गा पण्डाल में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम, उनके अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी । सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो एवं साइबर क्राइम के बारें में जागरुक कर साइबर हेल्पलाइन नम्बर-**1930** सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- **1090**-वीमेन पॉवर लाइन, **181**-महिला हेल्प लाइन, **108**-एम्बुलेंस सेवा, **1076**–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **112**-पुलिस आपातकालीन सेवा, **1098**-चाइल्ड लाइन, **102**-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे जागरूक किया गया ।





# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 08.10.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे शारदीय नवरात्र के पर्व पर "मिशन शक्ति फेज- 5.0" के दृष्टिगत माँ दुर्गा पण्डालों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरुक-

उ0प्र0 पुलिस एवं शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर आरम्भ किए गए "मिशन शक्ति फेज- **5.0**" अभियान के दृष्टिगत दिनांक 07.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में 90 दिवसीय विशेष अभियान के तहत महोबा पुलिस के समस्त थानों के थाना प्रभारी एवं महिला बीट अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में स्थापित माँ दुर्गा पण्डालों में जाकर जागरुकता चौपाल का आयोजन कर महिलाओं/बालिकाओं को जागरुक किया गया है।

- थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस टीम द्वारा मोहल्ला गांधीनगर कचेहरी के सामने अवस्थित दुर्गा पण्डाल में जाकर चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया है।
- थाना खरेला पुलिस की टीम द्वारा मोहल्ला सादराय में स्थापित माँ दुर्गा पण्डाल में जाकर चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया है।
- थाना महोबकंठ की पुलिस टीम ग्राम काशीपुरा व ग्राम तेइया में स्थापित माँ दुर्गा पण्डाल में जाकर चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया है।
- थाना श्रीनगर की पुलिस टीम द्वारा ग्राम बिलरही में स्थापित माँ दुर्गा पण्डाल में जाकर चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया है।
- थाना चरखारी की पुलिस टीम द्वारा मोहल्ला छोटा रमना में स्थापित माँ दुर्गा पण्डाल में जाकर चौपाल का आयोजन कर जागरुक किया गया है।

इस दौरान माँ दुर्गा पण्डालों में मौजूद महिलाओं एवं बालिकाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई है तथा विपरीत परिस्थितियों में उनकी सहायतार्थ हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी से सम्बन्धित पम्पलेट वितरिति किये गए हैं।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.10.2024

मीडिया सेल, महोबा

## लोगों की जीवन रक्षा के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में माल वाहक वाहनों के विरुद्ध चलाया गया चेकिंग अभियन, लोगों को जागरुक कर यातायात नियमों के तहत की गई कार्यवाही...।

जनपद महोबा सहित विभिन्न क्षेत्रों में लोग बड़े पैमाने पर माल वाहक वाहनों में बैठकर यात्रा करते हैं, जबकि माल वाहक वाहनों को सिर्फ माल ढुलाई के लिये प्रयोग में लाया जाना चाहिए सुरक्षा की दृष्टि से ऐसे वाहनों में यात्रा करना अपनी जान जोखिम में डालने जैसा है, इस कारण से विभिन्न स्थानों से कई ऐसी दुःखद घटनाएं घटित हुई हैं।

जनपद महोबा में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाये इसके लिये पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल द्वारा आज दिनांक- 08.10.2024 को जनपदीय पुलिस के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को कडे निर्देश दिये गये हैं कि जनपद के शहरी/ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर सभी को इसके प्रति जागरुक करते हुये सभी से अपील की जाये कि माल वाहक वाहनों यथा ट्रैक्टर ट्राली, डाला, डम्फर इत्यादि पर यात्रा करना खतरनाक है तथा ऐसे वाहनों पर यात्रा करने से हतोत्साहित किया जाये, जिससे किसी भी दशा में ट्रैक्टर ट्राली, डम्फर, पिकअप इत्यादि पर व्यक्तियों का आवागमन न होने पाये और ऐसी घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जाये।

जिसके क्रम में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा माल वाहक वाहनों पर सवारी ढोने वालों को रोका गया है और उसमें सवार यात्रियों को अन्य वाहन उपलब्ध कराते हुए उनके गंतव्य के लिए रवाना किया गया है। साथ ही सम्बन्धित वाहन के विरुद्ध यातायात नियमों के तहत सीज/चालान की कार्यवाही की गयी है। जिससे लोगो में यह सन्देश जाये कि माल वाहक वाहनों में सवारी लेकर चलना उचित नहीं है।

महोबा पुलिस आप सभी से अपील करती है कि जो भी आयोजक दुर्गा प्रतिमाओं को ट्रैक्टर ट्राली पर ले जाकर विसर्जित करने के प्रयास में हैं, कृपया मूर्ति विसर्जन हेतु छोटे हाथी वाहन का प्रयोग करें और बाकी जुलूस में सम्मिलित लोग सवारी वाहन से जाए। अपनी जान को जोखिम में डालकर यात्रा न करें, यातायात नियमों का पालन करें, अपना तथा अपनों का जीवन सुरक्षित करें।







## उपजिलाधिकारी चरखारी व क्षेत्राधिकारी चरखारी ने किया पटाखा दुकानों का निरीक्षण, दिया सभी मानकों व नियमों के पालन का निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगामी आने वाले दशहरा एवं दीपावली पर्व के दृष्टिगत दिनांकः- 08.10.2024 को उपजिलाधिकारी चरखारी श्री प्रदीप कुमार व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के द्वारा संयुक्त रुप से सर्किल चरखारी क्षेत्र के पटाखा फैक्ट्री/ आतिशबाजी की दुकानों में पहुंचकर सुरक्षा मानकों को परखा गया इस दौरान वहां मौजूद अग्निशमन उपकरणों का निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर पूर्ण करने एवं सुरक्षा मानकों का निरीक्षण कर पटाखा/ आतिशबाजी दुकानदारों को निर्देशित किया गया कि पटाखा फैक्ट्री में भंडारण से जुड़े मानकों व नियमों का अक्षरशः पालन किया जाए। इसमें शिथिलता बरतने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

त्यौहारों को लेकर भी दिए निर्देश-

इस दौरान आगामी त्यौहार जैसे नवरात्रि, दशहरा, मूर्ति विसर्जन, दीपावली आदि त्यौहारों के दृष्टिगत भी समीक्षा कर शांति व सुरक्षा व्यवस्था के लिए व्यापक स्तर पर कदम उठाने का निर्देश दिया।





## जनपदीय स्वॉट एवं थाना चरखारी की संयुक्त पुलिस टीम ने चोरी से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम एवं आपराधिक घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग/गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 08.09.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष श्री गणेश कुमार द्वारा गठित टीम के उ0नि0 सनय कुमार मय टीम एवं सर्विलांस टीम, एसओजी टीम व स्वाट टीम द्वारा थाना चरखारी पर पंजीकृत मु0अ0स0 221/24 धारा 318(4)/316(2)/317(2)/112(2) बीएनएस से सम्बन्धित 02 नफर वांछित अभियुक्त क्रमशः 1.राजेश नायक पुत्र जगदीश नायक उम्र 28 वर्ष 2.शिमला उर्फ मिश्री देवी पत्नी मलखान नायक उम्र 56 वर्ष निवासीगण ग्राम पिनान थाना रैनी जनपद अलवर (राजस्थान) जिनके कब्जे से चोरी किये हुए 02 अदद मोबाईल वीवो 1902 रंग नीला, ओपो A3X रंग काला व एक अदद काले बैग मे माल 03 अदद कर्धनी सफेद धातु, एक अदद हाफ पेटी सफेद धातु, 02 अदद पायल सफेद धातु, 04 अदद जंजीर सफेद धातु, 20 अदद बिछिया सफेद धातु, 01 अदद ब्रसलेट सफेद धातु, 02 अदद जोड़ी झुमकी पीली धातु, 01 अदद जोड़ी कान की बाली पीली धातु व 28130 /-रुपये बरामद करते हुए रायनपुर तिराहा से मुस्करा जाने वाले रास्ता वहद कस्बा चरखारी जनपद महोबा के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्तगण उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त टीम-

1. उ0नि0 सनय कुमार 2. उ0नि0 हार्दिक सिंह

3. का0 वीरेश्वर दत्त मिश्र 4. का0 जयदीप 5.म0का0 शिवानी साहू

6.प्रभारी एसओजी उ०नि० शिव प्रताप सिंह मय टीम 7.प्रभारी सर्विलांस उ०नि० रवि कुमार सिंह

### गिरफ्तार अभियुक्तगण-

1. राजेश नायक पुत्र जगदीश नायक उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम पिनान थाना रैनी जनपद अलवर ( राजस्थान)

2. शिमला उर्फ मिश्री देवी पत्नी मलखान नायक उम्र 56 वर्ष निवासी ग्राम पिनान थाना रैनी जनपद अलवर (राजस्थान)



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## जनशिकायतों के निस्तारण में अव्वल महोबा पुलिस- आईजीआरएस से प्राप्त सभी 100 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण करने पर महोबा पुलिस को प्रथम रैंक मिली है। माह सितम्बर की रैंकिंग में 115 में 115 अंक प्राप्त कर महोबा पुलिस प्रदेश में प्रथम।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के नेतृत्व/निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा पुलिस ने कानून व्यवस्था के साथ ही शिकायत सुनवाई और निस्तारण में प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। पुलिस को सरकार की समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) से प्राप्त सभी 100 प्रतिशत शिकायतों का निस्तारण करने पर प्रथम रैंक मिली है। माह सितम्बर की रैंकिंग में जनपद महोबा पुलिस ने 115 में 115 अंक प्राप्त कर प्रदेश में प्रथम है। साथ ही जनपद के 11 थाने 90 में 90 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर हैं।

उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा प्रत्येक जनशिकायत को गम्भीरतापूर्वक लिया जाता है जिसके क्रम में जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, त्वरित व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किए जाने के लिए जनपद के समस्त अधिकारी व थाना प्रभारियों को समय-समय पर निर्देशित किया जाता है। इन शिकायतों के निस्तारण हेतु पुलिस कार्यालय में आईजीआरएस शाखा की ओर से संबंधित थानों पर शिकायतें आनलाइन प्रेषित की जाती हैं तो वहीं संबंधित अधिकारी व थाना प्रभारियों की ओर से प्राप्त संदर्भों की जांच आख्या आनलाइन दिए गए समय सीमा के अंदर संबंधित को प्रेषित की जाती है। साथ ही आवेदक पुलिस कार्रवाई से संतुष्ट है कि नहीं इसका फीडबैक भी पुलिस कार्यालय से लिया जाता है। इससे की गई जांच व पुलिस कार्रवाई की गुणवत्ता बनी रहती है।

प्रदेश में IGRS की रैंकिंग में अव्वल आने की उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय अवस्थित आईजीआरएस शाखा एवं जनपद की सभी पेशियों एवं थानों में तैनात पुलिस कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए सभी का उत्साहवर्धन किया है।

### जनपदीय IGRS शाखा में तैनात अधि./कर्म. का विवरण-

1. निरीक्षक श्री मनोज कुमार शुक्ल
2. कं0आपरेटर ग्रेड ए इन्द्रजीत सिंह
3. कां0 सन्दीप कुमार
4. कां0 सन्दीप पाल
5. म0कां0 निधी



**शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में पुलिस/प्रशासनिक टीमों द्वारा सरस्वती बालिका इण्टर कालेज, महोबा में स्कूली छात्राओं को जागरुकता पाठशाला के माध्यम से नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन एवं नारी सम्मान हेतु किया गया जागरूक-**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान मिशन शक्ति फेज-5 के तहत आज दिनांक 08.10.2024 को थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्रअन्तर्गत सरस्वती बालिका इण्टर कालेज महोबा में महिला सशक्तिकरण हेतु एक जागरुकता कार्यशाला का आयोजन क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे सहित जनपदीय पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

पुलिस एवं प्रशासनिक टीमों द्वारा इस दौरान मिशन शक्ति फेज-5 तहत आयोजित जागरुकता पाठशाला में नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सशक्तिकरण हेतु उपस्थित स्कूली छात्राओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम संबंधी अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न योजनाओ के संबंध में जानकारी दी गयी साथ ही किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया व जागरुकता पम्पलेट का वितरण किया गया।

इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे, जिला प्रोबेशन अधिकारी रणबहादुर वर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी हर्षवर्धन नायक, जिला सेवायोजन अधिकारी आकांक्षा वाजपेई, पिछडा वर्ग अधिकारी कप्तान सिंह, महिला थाना प्रभारी सुषमा चौधरी, केन्द्र प्रशासक क्षमा, किशोर न्याय बोर्ड से कल्पना सोनी, संस्थानिक अधिकारी संगीता राजपूत, प्रधानाचार्या अर्चना वर्मा, उपप्रधानाचार्य अनिल प्रभा अवस्थी सहित अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे, मंच संचालन का कार्य शिक्षिका पूनम पाल द्वारा किया गया।






उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 08.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर चलाए जा रहे विशेष अभियान “मिशन शक्ति” फेज-5 के तहत क्षेत्राधिकारी चरखारी के नेतृत्व में महिलाओं एवं बालिकाओं को किया गया जागरुक-

उ0प्र0 पुलिस एवं प्रशासन द्वारा महिला सुरक्षा, सम्मान व स्वावलम्बन हेतु शारदीय नवरात्र के पर्व पर चलाए जा रहे के विशेष अभियान “मिशन शक्ति” फेज-**5** के तहत महिला सशक्तिकरण हेतु 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है । उक्त अभियान के क्रम आज दिनांकः- 08.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ द्वारा थाना श्रीनगर पुलिस टीम के साथ थानाक्षेत्र के ग्राम पिपरामाफ में जाकर महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला उत्पीड़न की रोकथाम, उनके अधिकारों एवं महिला उत्पीड़न के संबंध में पुलिस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के बारे में जागरूक किया गया तथा प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण हेतु चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओ मुख्यमंत्री सुमंगला योजना ,निराश्रित महिला पेंशन योजना, उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बैकिंग कॉरस्पोडेंट सखी, मुख्यमत्री सामूहिक विवाह योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व राष्ट्रीय पोषण मिशन के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी । सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहो एवं साइबर क्राइम के बारें में जागरुक कर साइबर हेल्पलाइन नम्बर-**1930** सहित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों यथा- **1090**-वीमेन पॉवर लाइन, **181**-महिला हेल्प लाइन, **108**-एम्बुलेंस सेवा, **1076**–मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **112**-पुलिस आपातकालीन सेवा, **1098**-चाइल्ड लाइन, **102**-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय मे जागरूक किया गया ।



